3. **विस्तार तथा लागू होना.**— ये नियम प्रत्येक ऐसे पद/पदों के संबंध में एवं उन पर इन नियमों के अधीन नियुक्त व्यक्ति या नियुक्ति पाने वाले व्यक्तियों पर लागू होंगे जिन पद/पदों को राज्य सरकार द्वारा नियम 4 के अंतर्गत संविदा नियुक्ति का पद घोषित किया जाये।

4. **संविदा नियुक्ति के पद.**—निम्नलिखित पद संविदा नियुक्ति के पद कहलायेंगे :—

(1) ऐसे पद जो विभागीय सेटअप में संविदा पद के रूप में स्वीकृत हों।

(2) विभागीय सेटअप में नियमित स्थापना में स्वीकृत ऐसे पद जिनकी पूर्ति में अपरिहार्य कारणों से एक वर्ष या उससे अधिक अवधि लगना संभावित हो।

(3) सामान्य प्रशासन विभाग की सहमति से पदोन्नति से भरे जाने वाले ऐसे पद जिनके लिये न्यूनतम अर्हता प्राप्त शासकीय सेवक उपलब्ध न होने के कारण अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से पदोन्नति से पद की पूर्ति एक वर्ष या उससे अधिक अवधि तक संभव न हो।

(4) विभागीय भर्ती नियमों में किसी बात के होते हुए भी, ऐसे पद जिनके लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि या नियम के अंतर्गत न्यायिक सेवा के क्षेत्र में विधिक अनुभव होना अपेक्षित हो को छोड़कर, ऐसे पद जिनके लिए विशेषज्ञता, अनुभव एवं विशिष्ट योग्यता आवश्यक हो को राज्य सरकार अपवादात्मक विशिष्ट प्रकरणों में, लोक प्रशासन में दक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से, सामान्य या विशेष आदेश द्वारा, संविदा नियुक्ति का पद घोषित कर सकेगी।

(5) मुख्यमंत्री/मंत्रीगण की निजी स्थापना के ऐसे स्वीकृत पद जिन पर नियुक्ति मुख्यमंत्री/मंत्रीगण की पदावधि (को-टर्मिनस) तक के लिये की जानी हो।

5. **नियुक्ति का तरीका.**— संविदा नियुक्ति निम्नलिखित प्रकार से की जा सकेगी :—

(एक) नियम 4(1) में विहित पदों पर लोक विज्ञापन के माध्यम से;

(दो) नियम 4(2) एवं (3) में विहित पदों पर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की संविदा नियुक्ति द्वारा;

(तीन) नियम 4(4) में विहित पदों पर, अपवादात्मक विशिष्ट प्रकरणों में गैर शासकीय व्यक्ति विशेष अथवा सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की विशेषज्ञता, अनुभव एवं विशिष्ट योग्यता तथा पद हेतु उसकी उपयुक्तता के आधार पर, वित्त विभाग की सहमति के उपरांत, सीधे संविदा नियुक्ति द्वारा;

(चार) नियम 4(5) में विहित पदों पर मुख्यमंत्री/मंत्रीगण द्वारा अनुशंसित व्यक्ति की, पद के लिये निर्धारित अर्हता/पात्रता तथा उपयुक्तता के आधार पर।

6. **चयन समिति.**— (1) नियम 4(1) या (2) में विहित पदों पर संविदा नियुक्ति के लिये चयन समिति वही होगी जो विभागीय भर्ती नियम में विहित हो :

परन्तु छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाने वाले पदों पर संविदा नियुक्ति हेतु चयन समिति में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष/सदस्य के स्थान पर, शासन, किसी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव या सचिव को नामांकित कर सकेगा।

(2) चयन समिति के गठन के लिये छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (क्रमांक 21 सन् 1994) की धारा 8 के उपबंध भी लागू होंगे।

7. **आयु सीमा.**– (1) संविदा नियुक्ति के लिये आयु सीमा वही होगी जो संबंधित पद या सेवा हेतु विभागीय भर्ती नियम में विहित हो:

परन्तु आयु सीमा में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिये भी लागू होंगे।

(2) सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के मामले में संविदा नियुक्ति अधिकतम 10 वर्ष की अवधि के लिए या 70 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, के लिये दी जा सकेगी।

8. **नियुक्ति के लिए अर्हताएँ तथा पात्रता मापदण्ड.**– (1) सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के मामलों को छोड़कर, संविदा नियुक्ति के अन्य मामलों में नियुक्ति के लिए अर्हताएँ तथा पात्रता मापदण्ड वे ही होंगे, जैसा कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 5 एवं 6 में विहित है।

(2) (क) सीधी भर्ती के पद पर संविदा नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताएँ एवं अन्य अर्हताएँ वही होंगी जो उक्त पद हेतु विभागीय भर्ती नियमों में विहित है;

(ख) सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की संविदा नियुक्ति के मामले में, सेवानिवृत्ति के तत्काल पूर्व धारित पद के समकक्ष पद, ऐसे पद जिनके लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि या नियम के अंतर्गत न्यायिक सेवा के क्षेत्र में विधिक अनुभव होना अपेक्षित हो को छोड़कर, पर नियुक्ति के लिए शैक्षणिक अर्हता का बंधन नहीं होगा;

(ग) सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की संविदा नियुक्ति के मामले में विशेष प्रकरणों में उनके विशिष्ट अनुभव, उत्कृष्ट सेवा अभिलेख एवं कार्य के मूल्यांकन के आधार पर उच्च पद, ऐसे पद जिनके लिए तत्समय प्रवृत्त किसी विधि या नियम के अंतर्गत न्यायिक सेवा के क्षेत्र में विधिक अनुभव होना अपेक्षित हो को छोड़कर, पर भी संविदा नियुक्ति दी जा सकेगी।

9. **सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की संविदा नियुक्ति के लिए अनर्हताएँ.**– (एक) सेवा अभिलेखों में निष्ठा प्रमाणित नहीं होने पर;

(दो) सेवा अभिलेख में विगत तीन वर्षों के गोपनीय प्रतिवेदन/कार्य मूल्यांकन का वर्गीकरण बहुत अच्छा अथवा/या उससे उच्च स्तर का न होने पर;

(तीन) विभागीय जांच/अभियोजन लंबित होने पर;

(चार) सेवा में रहते हुए अंतिम वर्ष में दंडित होने पर;

(पाँच) पेंशन रोकने के दंड से दंडित होने पर;

(छः) सेवा से पदच्युत किये जाने/हटाये जाने या अनिवार्य सेवानिवृत्त किये जाने पर;

(सात) दोष सिद्ध होने पर; एवं
(आठ) शासकीय सेवा के लिये अन्य सामान्य अनर्हतायें।

10. **आरक्षण.**— नियम 4(1) व (2) में विहित संविदा नियुक्ति के पदों पर, छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्गों के लिये आरक्षण) अधिनियम, 1994 (कमांक 21 सन् 1994) एवं उसके अधीन समय–समय पर जारी नियम/निर्देश लागू होंगे, साथ ही महिला एवं निःशक्तजन आदि के आरक्षण के लिए भी समय–समय पर जारी नियम/निर्देश लागू होंगे।

11. **नियुक्ति की अवधि.**— (1) नियम 4(1) में उल्लिखित संविदा नियुक्ति के पदों पर, संविदा नियुक्ति प्रथम बार तीन वर्ष के लिये होगी, किन्तु राज्य सरकार आवश्यकता के आधार पर संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा नियुक्ति की अवधि को एक बार में एक वर्ष के लिये बढ़ाते हुए संविदा नियुक्ति के नवीनीकरण का निर्णय ले सकेगी।
(2) नियम 4(2) एवं (3) में उल्लिखित पदों पर, संविदा नियुक्ति सामान्यतः एक वर्ष के लिये होगी, तथापि विभाग आवश्यकता के आधार पर एवं संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर संविदा के नवीनीकरण का निर्णय ले सकेगा।
(3) नियम 4(4) एवं (5) में उल्लिखित पदों पर, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों की संविदा नियुक्ति के मामले में, संविदा नियुक्ति उनके विशिष्ट अनुभव, उत्कृष्ट सेवा अभिलेख एवं कार्य के मूल्यांकन के आधार पर विशेष प्रकरण के तौर पर दिये जाने की स्थिति में, संविदा नियुक्ति की अवधि 5 वर्ष तक हो सकेगी, जिसे आगे विभागीय आवश्यकता एवं संविदा पर नियुक्त व्यक्ति की उपयुक्तता का आंकलन कर सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग के अभिमत के पश्चात, राज्य सरकार द्वारा अधिकतम 5 वर्ष तक और बढ़ाया जा सकेगा।
(4) संविदा नियुक्ति की अवधि की समाप्ति पर संविदा नियुक्ति स्वमेव समाप्त मानी जाएगी तथा सेवा समाप्त करने के लिए पृथक आदेश जारी करना आवश्यक नही होगा।
(5) संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

12. **संविदा वेतन.**— (1) इस नियम के उप–नियम (2) के अंतर्गत उल्लिखित मामलों को छोड़कर, संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जायेगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतनवृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
(2) मासिक एकमुश्त राशि वेतन का निर्धारण निम्नानुसार किया जायेगा:—

(क) नियम 4(1) व (2) में विहित पदों पर संविदा नियुक्ति की स्थिति में मासिक एकमुश्त राशि वेतन वह होगा जो वित्त विभाग समय–समय पर सामान्य या विशेष आदेश द्वारा नियत करे;

(ख) सेवानिवृत्ति के समय, वेतन संरचना (यथा संशोधित वेतनमान) में देय मूल वेतन एवं देय महंगाई भत्ते में से देय पेंशन (सरांशीकरण के पूर्व की) एवं उस पर देय महंगाई राहत घटाने के पश्चात भुगतान योग्य एकमुश्त राशि, संविदा वेतन होगा एवं इसके अतिरिक्त वह सेवानिवृत्ति के समय देय मूल वेतन पर गृह भाड़ा भत्ता (यदि शासकीय आवास गृह धारण नहीं करता है) एवं नगर क्षतिपूर्ति भत्ते का हकदार होगा तथा पेंशन एवं पेंशन पर महंगाई राहत का भी हकदार होगा;

(ग) संविदा नियुक्ति के विशेष प्रकरणों में, अधिवार्षिकी से सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के मामले में अथवा/या विशेषज्ञता, अनुभव व विशिष्ट योग्यता के आधार पर संविदा नियुक्ति के मामले में, किसी पद पर/उच्च पद पर संविदा नियुक्ति दिए जाने की स्थिति में संबंधित पद का तत्समय प्रवृत्त वेतनमान संविदा की अवधि तक साथ ही अन्य देय आनुषंगिक लाभ सामान्य प्रशासन विभाग एवं वित्त विभाग की सहमति से दिये जा सकेंगे।

13. **अवकाश की पात्रता.**– संविदा पर नियुक्त कर्मचारी प्रत्येक कैलेण्डर वर्ष में 18 दिनों के आकस्मिक अवकाश तथा 3 दिनों के ऐच्छिक अवकाश का हकदार होगा, तथा वर्ष के मध्य में नियुक्त होने अथवा सेवामुक्त होने पर आकस्मिक अवकाश की पात्रता की गणना पूर्ण महीनों के लिए आनुपातिक आधार पर की जाएगी।

स्पष्टीकरण– गणना में अपूर्ण दिवस को आगामी पूर्ण दिवस से पूर्णांकित किया जाएगा तथा विश्रामावकाश विभागों में कैलेण्डर वर्ष का तात्पर्य 12 माह की वास्तविक सेवा से लगाया जाएगा।

14. **यात्रा भत्ता एवं अन्य सुविधायें.**– (1) विभागीय सेटअप में संविदा पद के रूप में स्वीकृत पद पर नियुक्त व्यक्ति को, उस पद के लिये निर्धारित यात्रा भत्ते एवं अन्य सुविधाओं की पात्रता होगी।

(2) सेवानिवृत्त व्यक्तियों की संविदा नियुक्ति के मामले में, वे संबंधित पद/समकक्ष पद हेतु शासकीय सेवकों को देय यात्रा भत्ते एवं अन्य सुविधाओं हेतु पात्र होंगे।

(3) यदि संविदा नियुक्ति के किसी पद के लिये यात्रा भत्ते एवं अन्य सुविधायें नियमों में विहित नही हैं तो ऐसे पद पर नियुक्त व्यक्ति को उस पद के समकक्ष पद पर नियुक्त शासकीय सेवक के समान यात्रा भत्ते एवं अन्य सुविधाओं की पात्रता होगी।

15. **अन्य शर्तें.**– (1) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 से शासित होंगे।

(2) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को संविदा सेवा की अवधि के लिये किसी भी प्रकार की पेंशन, उपदान या मृत्युलाभ आदि की पात्रता नहीं होगी।

(3) संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का गोपनीय प्रतिवेदन लिखा जाएगा ताकि यदि आगामी वर्ष हेतु उसे पुनः संविदा नियुक्ति दी जानी हो तो इसके आधार पर उसके कार्य का मूल्यांकन हो सके।

(4) सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की संविदा नियुक्ति के दौरान उसे/उन्हें अन्य कार्यालय में समकक्ष पद पर स्थानांतरित किया जा सकेगा और उसे/उन्हें संविदा नियुक्ति के पद के कार्य के साथ–साथ अन्य पद का अतिरिक्त दायित्व भी सौंपा जा सकेगा, जिसे स्वीकार करना उसके/ उनके लिये बाध्यकारी होगा।

(5) संविदा पर नियुक्त व्यक्ति को अपने परिवार की सामाजिक सुरक्षा के लिये संविदा वेतन की कम से कम 10 प्रतिशत राशि जीवन बीमा पेंशन योजना अथवा पी.पी.एफ. में जमा करनी होगी तथा इस बात की सूचना नियुक्ति प्राधिकारी को देनी होगी कि कर्मचारी द्वारा किस योजना का वरण किया गया है:

परन्तु यह प्रावधान सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों पर लागू नहीं होगा।

(6) संविदा पर नियुक्त सेवानिवृत्त व्यक्ति सेवानिवृत्ति के समय यदि शासकीय आवास में रह रहा हो तो उसे शासकीय आवास की पात्रता बनी रहेगी तथा उससे छत्तीसगढ़ मूलभूत नियम के नियम 45–क के अनुसार लाइसेंस शुल्क की वसूली की जायेगी तथा उसे शासकीय सेवकों के समान चिकित्सा प्रतिपूर्ति की भी पात्रता होगी।

16. **निर्वचन.**– यदि इन नियमों के निर्वचन के संबंध में कोई प्रश्न उद्भूत हो तो उसे शासन के सामान्य प्रशासन विभाग को निर्दिष्ट किया जाएगा जिस पर सामान्य प्रशासन विभाग का निर्णय अंतिम होगा।

17. **नियमों में शिथिलीकरण का अधिकार.**– इन नियमों के किसी भी प्रावधान में शिथिलीकरण का अधिकार मंत्रिपरिषद को होगा।

18. **निरसन तथा व्यावृति.**– इन नियमों के तत्स्थानी समस्त अन्य नियम और निर्देश जो कि इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त थे एतद्द्वारा निरसित किये जाते हैं:

– 7

(23)

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर

कमांक एफ 9–1/2012/1–3, नया रायपुर, दिनांक 15/07/2014

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, छ.ग. बिलासपुर.
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत
छत्तीसगढ़.

विषयः– राज्य शासन की छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 में संशोधन।

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम 12 के उप नियम (2) के खण्ड (ख) में संशोधन किया गया है। संशोधन के संबंध में राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना कमांक एफ 9–1/2012/1/3 दिनांक 05 जुलाई, 2014 की छायाप्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित् है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

15/7/14
(एम.आर. ठाकुर)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ. कमांक एफ 9–1/2012/1–3, नया रायपुर, दिनांक 15/07/2014

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, छत्तीसगढ़ नया रायपुर।
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा, रायपुर।
3. राज्यपाल के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ राजभवन, रायपुर।
4. रजिस्ट्रार जनरल, मान. उच्च न्यायालय, बिलासपुर, छ.ग.।
5. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, छत्तीसगढ़, रायपुर।
6. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर।

.....2

(24)

7. सचिव, राज्य योजना आयोग/राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग/राज्य मानव अधिकार आयोग/राज्य निर्वाचन आयोग/राज्य सूचना आयोग/राज्य महिला आयोग/राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग/राज्य अनुसूचित जाति आयोग/राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग/राज्य अल्प संख्यक आयोग/राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग/राज्य युवा आयोग/लोक आयोग/राज्य विद्युत नियामक आयोग, रायपुर छत्तीसगढ़।
8. संचालक, छत्तीसगढ प्रशासन अकादमी, रायपुर, छ.ग.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर, छ.ग.
10. विशेष सहायक/निज सहायक समस्त मान. मंत्रीगण, नया रायपुर।
11. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली।
12. संचालक, जनसंपर्क, रायपुर की ओर समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ ।
13. उप सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, उच्च न्यायालय परिसर, बिलासपुर।
14. अवर सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नया रायपुर।
15. अवर सचिव(स्थापना)/अधीक्षण/अभिलेख/मुख्यलेखाधिकारी, मंत्रालय, नया रायपुर।
16. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय रायपुर की ओर सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट www.cg.nic.in/gadonline में अपलोड करने हेतु।

15/7/14

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

25

"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ गजट / 38 नि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001 "

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ/दुर्ग/09/2012-2015 "

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 353] रायपुर, शनिवार, दिनांक 5 जुलाई 2014—आषाढ 14, शक 1936

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर

नया रायपुर, दिनांक 5 जुलाई 2014

अधिसूचना

क्रमांक एफ 9-1/2012/1/3.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, अर्थात् :-

संशोधन

उक्त नियमों में, -

नियम 12 के उप-नियम (2) के खण्ड (ख) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :-

"(ख) सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की संविदा नियुक्ति के मामले में संविदा वेतन निम्नानुसार निर्धारित किया जायेगा, -

(एक) मूल संविदा वेतन का निर्धारण सेवानिवृत्ति तिथि पर अनुज्ञेय मूल वेतन में से सेवानिवृत्ति पर निर्धारित मूल पेंशन (संराशीकृत अंश को शामिल करते हुए) को घटाकर किया जाएगा ;

(दो) उसे, इस प्रकार से निर्धारित मूल संविदा वेतन पर, राज्य शासन के कर्मचारियों को समय-समय पर अनुज्ञेय दर से मंहगाई भत्ते की पात्रता होगी ,

(तीन) उसे, ऐसे विशेष वेतन/भत्ते, जो उसके सेवानिवृत्ति के समय धारित पद पर अनुज्ञेय थे और संविदा नियुक्ति के पद के साथ भी संलग्न हैं, की उस दर से पात्रता होगी जो वह सेवानिवृत्ति के समय आहरित कर रहा था तथा इसके अतिरिक्त वह सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त हो रहे गृह भाड़ा भत्ता (यदि शासकीय आवास गृह धारण नहीं करता है) एवं नगर क्षतिपूर्ति भत्ता का हकदार होगा तथा पेंशन एवं पेंशन पर मंहगाई राहत के लिये भी पृथक से हकदार होगा."

छत्तीसगढ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विकास शील, सचिव

नया रायपुर, दिनांक 5 जुलाई 2014

क्रमांक एफ 9-1/2012/1/3.— भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ 9-1/2012/1/3, दिनांक 05-07-2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
विकास शील, सचिव

Naya Raipur, the 5th July 2014

NOTIFICATION

No. F 9-1/2012/1/3. — In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Chhattisgarh, hereby, makes the following amendment in "the Chhattisgarh Civil Sewa (Samvida Niyukti) Niyam, 2012", namely :-

AMENDMENT

In the said rules, -

For clause (b) of sub rule (2) of rule 12 the following shall be substituted, namely :-

"(b) In case of contract appointment of a retired Government servant contract pay shall be fixed as under -

(i) basic contract pay shall be determined by deducting the basic pension (including commuted portion) fixed on retirement from the basic pay admissible on the date of retirement ;

(ii) he shall be entitled for dearness allowance on basic contract pay so fixed, at the rate admissible to state government employees from time to time ,

(iii) he shall be entitled for such special pay/allowances which were admissible on the post he was holding at the time of retirement and are also attached to the post of contract appointment, at such rate on which he was drawing at the time of retirement and apart from this he shall be entitled for house rent allowance (if do not possess government accommodation) and city compensatory allowance, on the basic pay as getting at the time of retirement and shall also be entitled for pension and dearness relief on pension separately."

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh,
VIKAS SHEEL, Secretary.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय मुद्रणालय, रायपुर से मुद्रित तथा प्रकाशित - 2014

(27)

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर

कमांक एफ 9–1/2012/1–3, नया रायपुर, दिनांक 6/09/2014

प्रति,

शासन के समस्त विभाग,
अध्यक्ष, राजस्व मंडल, छ.ग. बिलासपुर,
समस्त विभागाध्यक्ष,
समस्त संभागीय आयुक्त,
समस्त कलेक्टर,
समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत
छत्तीसगढ़.

विषयः– राज्य शासन की छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 में संशोधन।

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम 12 में दिनांक 05 जुलाई, 2014 को संशोधन किया गया था। जिसमें दिनांक 23 अगस्त, 2014 द्वारा आंशिक संशोधन किया गया है। उक्त संशोधन 5 जुलाई 2014 से प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा। जिसकी छायाप्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न प्रेषित् है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

06/9/14
(एम.आर. ठाकुर)
अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ. कमांक एफ 9–1/2012/1–3, नया रायपुर, दिनांक 6/09/2014

प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री सचिवालय, छत्तीसगढ़ नया रायपुर।
2. प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ विधान सभा, रायपुर।
3. राज्यपाल के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ राजभवन, रायपुर।
4. रजिस्ट्रार जनरल, मान. उच्च न्यायालय, बिलासपुर, छ.ग.।
5. अध्यक्ष, व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, छत्तीसगढ़, रायपुर।
6. सचिव, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर।

.....2

(28)

7. सचिव, राज्य योजना आयोग / राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग / राज्य मानव अधिकार आयोग / राज्य निर्वाचन आयोग / राज्य सूचना आयोग / राज्य महिला आयोग / राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग / राज्य अनुसूचित जाति आयोग / राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग / राज्य अल्प संख्यक आयोग / राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग / राज्य युवा आयोग / लोक आयोग / राज्य विद्युत नियामक आयोग, रायपुर छत्तीसगढ़।
8. संचालक, छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, रायपुर, छ.ग.
9. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, रायपुर, छ.ग.
10. विशेष सहायक / निज सहायक समस्त मान. मंत्रीगण, नया रायपुर।
11. आवासीय आयुक्त, छत्तीसगढ़ भवन नई दिल्ली।
12. संचालक, जनसंपर्क, रायपुर की ओर समाचार पत्रों मे प्रकाशनार्थ ।
13. उप सचिव, महाधिवक्ता कार्यालय, उच्च न्यायालय परिसर, बिलासपुर।
14. अवर सचिव, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, नया रायपुर।
15. अवर सचिव(स्थापना) / अधीक्षण / अभिलेख / मुख्यलेखाधिकारी, मंत्रालय, नया रायपुर।
16. राज्य सूचना अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (NIC), मंत्रालय रायपुर की ओर सामान्य प्रशासन विभाग की वेबसाईट www.cg.nic.in/gadonline में अपलोड करने हेतु।

6/7/15

अवर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

(29)

छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नया रायपुर

//अधिसूचना//

नया रायपुर, दिनांक 26 अगस्त, 2014

कमांक एफ 9–1/2012/1/3 :: भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, छत्तीसगढ के राज्यपाल, एतद्द्वारा, छत्तीसगढ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 में निम्नलिखित और संशोधन करते हैं, जो 5 जुलाई 2014 से प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा, अर्थात् :–

संशोधन

उक्त नियमों में,–

1. नियम 12 के उप–नियम (2) के खण्ड (ख) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जाये, अर्थात् :–

"(ख) सेवानिवृत्त शासकीय सेवक की संविदा नियुक्ति के मामले में संविदा वेतन निम्नानुसार निर्धारित किया जायेगा–

(एक) मूल संविदा वेतन का निर्धारण सेवानिवृत्ति तिथि पर अनुज्ञेय मूल वेतन में से सेवानिवृत्ति पर निर्धारित मूल पेंशन (संराशीकृत अंश को शामिल करते हुए) को घटाकर किया जाएगा;

(दो) उसे, इस प्रकार से निर्धारित मूल संविदा वेतन पर, राज्य शासन के कर्मचारियों को समय–समय पर अनुज्ञेय दर से मंहगाई भत्ते की पात्रता होगी;

(तीन) उसे, ऐसे विशेष वेतन/भत्ते, जो उसके सेवानिवृत्ति के समय धारित पद पर अनुज्ञेय थे और संविदा नियुक्ति के पद के साथ भी संलग्न हैं, की उस दर से पात्रता होगी जो वह सेवानिवृत्ति के समय आहरित कर रहा था तथा इसके अतिरिक्त वह सेवानिवृत्ति के समय प्राप्त हो रहे मूल वेतन पर गृह भाड़ा भत्ता (यदि शासकीय आवास गृह धारण नही करता है) एवं नगर क्षतिपूर्ति भत्ता का हकदार होगा तथा पेंशन एवं पेंशन पर मंहगाई राहत के लिये भी पृथक से हकदार होगा ।"

2. एतद्द्वारा, यह स्पष्ट किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) दिनांक 5 जुलाई 2014 में प्रकाशित अधिसूचना क्र. एफ 9–1/2012/1/3 के माध्यम से छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 में किया गया संशोधन, 5 जुलाई 2014 से प्रवृत्त हुआ समझा जायेगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा
आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
अपर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

कमशः...2

(30)

नया रायपुर, दिनांक 23 अगस्त, 2014

क्रमांक एफ 9–1/2012/1/3 :: भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की अधिसूचना एफ 9–1/2012/1/3 दिनांक 23 अगस्त, 2014 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद् द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

(के.आर. मिश्रा)
अपर सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

कार्यपरिषद् में रखे जाने हेतु संक्षेपिका

31

विषय : वार्षिक एवं पूरक परीक्षा 2015 रिजल्ट प्रोसेसिंग, परीक्षा फार्म, OMR सीट मुद्रण एवं ऑन–लाइन कार्य हेतु प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में विचारार्थ प्रस्तुत।

वार्षिक एवं पूरक परीक्षा 2014 रिजल्ट प्रोसेसिंग, परीक्षा फार्म, OMR सीट मुद्रण एवं ऑन–लाइन कार्य हेतु छ0ग0 संवाद के माध्यम से निम्नलिखित समाचार–पत्रों में निविदा सूचना प्रकाशित किया गया था :–

1. इंडियन एक्सप्रेस, राष्ट्रीय समाचार–पत्र (नागपुर संस्करण)
2. नवभारत समाचार–पत्र (प्रादेशिक संस्करण)
3. हरिभूमि समाचार–पत्र (प्रादेशिक संस्करण)

में0 ओसवाल कम्प्यूटर्स एड कन्सलटेंट, परदेशीपुरा, इंदौर (म0प्र0), द्वारा प्रस्तुत दर अन्य फर्मों से प्रस्तुत दर से कम होने के कारण न्यूनतम दर के आधार पर डी0पी0सी0/सी0पी0सी0 की अनुशंसा के पश्चात् वार्षिक/पूरक परीक्षा 2014 के रिजल्ट प्रोसेसिंग संबंधी कार्य हेतु अनुबंध किया गया था। उक्त फर्म द्वारा प्रस्तुत दर निम्नानुसार हैः–

<u>रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य हेतु :–</u>

~~(A) परीक्षा फॉर्म प्रति पृष्ठ~~	~~रू0 0.55~~
(B) ओएमआर सीट मुद्रण प्रति Sheet	रू0 1.45
(C) लिफाफा प्रति नग	रू0 1.05
कुल राशि –	रू0 3.05
(D) परीक्षा पूर्व कार्य प्रति छात्र	रू0 6.60
(E) परीक्षा पश्चात् कार्य प्रति छात्र	रू0 6.75
(F) पूनर्मूल्यांकन कार्य प्रति छात्र	रू0 7.80
(G) पूरक परीक्षा कार्य प्रति छात्र	रू0 7.80

<u>ऑन– लाइन कार्य हेतु :–</u>

(H) नामांकन/परीक्षा/पुर्नमूल्यांकन एवं अन्य आवेदन–पत्र के प्रेषण कार्य हेतु	रू0 3.00 प्रति छात्र।
(I) परीक्षा पूर्व ऑन–लाइन कार्य	रू0 6.25 प्रति छात्र।
(J) परीक्षा पश्चात् ऑन–लाइन कार्य	रू0 6.60 प्रति छात्र।
(K) पूर्नमूल्यांकन संबंधी ऑन–लाइन कार्य	रू0 7.80 प्रति छात्र।
(L) पूरक परीक्षा संबंधी ऑन–लाईन कार्य	रू0 7.80 प्रति छात्र।

में0 ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कन्सलटेंट, परदेशीपुरा, इंदौर (म0प्र0), को उपरोक्त दर पर कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30/07/2013 के पूरक सूची कमांक 03 पर हुई स्वीकृति अनुसार संबंधित फर्म से वार्षिक/पूरक परीक्षा 2014 के रिजल्ट प्रोसेसिंग एवं स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के ऑन–लाइन संबंधी कार्य कराया गया है।कार्यपरिषद् की बैठक में यह भी अनुमोदित किया गया है कि **"अनुबंध प्रथमतः एक वर्ष के लिए किया जाय तथा संतोषजनक पाये जाने पर एक–एक वर्ष वृध्दि किया जा सकता है तथा यह वृध्दि अधिकतम तीन वर्ष तक की जा सकेगी"**।

21-10-14

कृ.पृ.उ.

(32)

संबंधित फर्म द्वारा वर्ष 2014 में विश्वविद्यालय द्वारा सौंपी गई कार्य को समय पर किया गया है। वर्ष 2015 की परीक्षा में स्नातक/स्नातकोत्तर की सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिए ऑन–लाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा कराया जाना है।

अतः मेंo ओसवाल कम्प्यूटर्स एंड कन्सलटेंट, परदेशीपुरा, इंदौर (मoप्रo), द्वारा वार्षिक परीक्षा/पूरक परीक्षा सन् 2014 में किये गए कार्यों को देखते हुए कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 30/07/2013 के पूरक सूची कमांक 03 पर हुई स्वीकृति के संदर्भ में वार्षिक/पूरक परीक्षा 2015 के रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर की सभी पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के लिये परीक्षा आवेदन पत्र ऑन–लाइन के माध्यम से संबंधित फर्म से कराये जाने के संबंध में विचार किये जाने हेतु कार्यपरिषद् के समक्ष प्रस्तुत है।

21-10-14

कार्य परिषद में रखे जाने हेतु टीप

डॉ दीपेन्द्र सिंह असिस्टेन्ट प्रोफेसर फार्मेसी को यू.जी.सी. के द्वारा रमन फेलोशिप पोस्ट डॉक्ट्रल स्टडीज University Mississippi, Olemiss, USA में 2014–15, दिनांक 14.10.2014 से एक वर्ष के लिए अवार्ड किया गया है

इनकी राशि 22,86,836.00 विश्वविद्यालय को प्राप्त हो चुका है। डॉ दीपेन्द्र सिंह के द्वारा उपरोक्त राशि अग्रिम प्रदान करने हेतु निवेदन किया गया है। चूंकि इनकी राशि U.S.A. में प्रतिमाह खर्च होना है, एवं डॉलर में भुगतान किया जाना है। इस लिए अग्रिम प्रदान किया जाना उचित होगा ताकि वर्तमान दर पर डॉलर में Convert किया जा सके।

अधि0 / वित्त

21/4/14

21/4

(34)

कार्यपरिषद में रखे जाने हेतु संक्षेपिका

विषय :– मे० ओसवाल कम्प्यूटर एवं कन्सल्टेंट प्रा० लि० इंदौर को सत्र 2013–14 की नामांकन एवं परीक्षा संबंधी रिजल्ट प्रोसेसिंग के समस्त कार्यो के संपादन हेतु देयक रू० 26,01,123=00 भुगतान की स्वीकृति पर विचार करने हेतु कार्यपरिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत ।

वर्ष 2013–2014 की मुख्य एवं पूरक परीक्षाओं के रिजल्ट प्रोसेसिंग कार्य, ऑनलाईन पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना कार्य एवं ऑनलाइन नामांकन कार्य के लिए मे0 ओसवाल कम्प्यूटर्स एण्ड कन्सल्टेंट प्रा0लि0, इंदौर एवं विश्वविद्यालय के मध्य दिनांक 06.12.2013 को हुए अनुबंध के अनुसार फर्म ने वर्ष 2013–2014 की मुख्य एवं पूरक परीक्षा के रिजल्ट प्रोसेसिंग का कार्य, ऑनलाइन पुनर्मूल्यांकन एवं पुनर्गणना कार्य एवं ऑनलाइन नामांकन का कार्य संपादित करने के पश्चात् कुल 09 अलग–अलग देयकों के माध्यम से कुल राशि रू0 26,01,123.00 (रू0 छब्बीस लाख एक हजार एक सौ तेइस मात्र) भुगतान करने के लिए प्रस्तुत किया है । प्राप्त 09 देयकों में दर्ज छात्र संख्याओं को परीक्षा एवं गोपनीय विभाग से सत्यापन कराने के पश्चात् कुल रू0 26,01,123.00 (रू0 छब्बीस लाख एक हजार एक सौ तेइस मात्र) भुगतान करने योग्य पाया गया।

अतः संबंधित फर्म को भुगतान करने के लिए रू० 26,01,123=00 (रू0 छब्बीस लाख एक हजार एक सौ तेइस मात्र) स्वीकृति हेतु कार्यपरिषद के विचारार्थ प्रस्तुत ।

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com

क्रमांक 2566 /परीक्षा/ 2014 रायपुर, दिनांक 22 / 10 /2014

प्रति,

संचालक,
ओसवाल कम्प्यूटर्स एण्ड कंसलटेन्ट्स प्रा.लि.,
60, इलेक्ट्रॉनिक काम्पलेक्स,
परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) 452 010.

विषय :– वार्षिक परीक्षा 2014 के परीक्षा परिणाम में आपके द्वारा त्रुटि होने के संबंध में।

महोदय,

विषयांतर्गत सूचित करना है कि आपके द्वारा वार्षिक परीक्षा 2014 के निम्नलिखित कक्षाओं के परिणाम में त्रुटियां की गई है जो निम्नानुसार है :–

1. **बी.एड**– B.Ed वार्षिक परीक्षा का परिणाम त्रुटिपूर्ण तैयार किया गया है। B.Ed का परिणम दो भाग में तैयार किया जाता है जिसमें यदि एक भाग में परीक्षार्थी उत्तीर्ण होता है तो उसका परिणाम श्रेणी सहित उत्तीर्ण घोषित किया जाता है तथा दूसरे भाग में अनुत्तीर्ण है तो उक्त भाग मे अनुत्तीर्ण होना था लेकिन आपक द्वारा केवल उत्तीर्ण घोषित किया गया है जो गंभीर त्रुटी है। आपको दोनो भागों का अलग–अलग परिणाम श्रेणी सहित उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण तैयार करना था। भविष्य में परीक्षा परिणाम तैयार करते समय ऐसी त्रुटियां न हो इसका ध्यान रखा जावे।
2. **बी.सी.ए.**–बी.सी.ए. भाग एक एवं दो के परिणाम में बी.सी.ए. 105, एवं बी.सी.ए. 205 कोड में प्रायोगिक परीक्षा है जिसे आंतरिक मूल्यांकन में दर्शाया गया है। ऑनलाईन के फार्म में कुछ छात्रों को 109 एवं 199 कोड की परीक्षा में सम्मिलित होना बताया गया है, जबकि रोल लिस्ट में उन्हें **C/F** के रूप में दर्शाया गया है।
3. प्रायः सभी कक्षाओं की अंकसूचियों में आपके द्वारा **W.H.** एवं **ABSENT** परीक्षार्थियों के भी अंकसूची भेज दी गई है, जबकि इनकी अंकसूची नहीं बनाना था।
4. **एम.ए.**– एम.ए. अंतिम के अध्यादेश के प्रावधानानुसार **60** प्रतिशत में प्रथम, **48** प्रतिशत द्वितीय एवं **36** प्रतिशत में पास होने का प्रावधान है किन्तु सत्र 2014 के परीक्षा परिणाम में आपके द्वारा **45** प्रतिशत में द्वितीय एवं **33** प्रतिशत में उत्तीर्ण घोषित किया गया तथा उनकी अंकसूची भी त्रुटिपूर्ण भेजी गई तथा बार–बार कहे जाने पर संशोधित अंकसूची काफी विलंब से भेजी गई जिससे संबंधित परीक्षार्थी एवं परीक्षा विभाग परेशानी में रहे, इस प्रकार से यह गंभीर त्रुटि है, तथा संबंधितों को काफी परेशानी हुई है अतएव अगामी समय के लिए इसका ध्यान रखा जावे।
5. एम.ए. पूर्व एवं अंतिम संस्कृत के परीक्षा परिणाम अभी घोषित नहीं किया गया है, जबकि अंकसूची बनाकर आपके द्वारा भेज दी गई थी।

इसके अतिरिक्त सभी कक्षाओं की अंकसूचियां काफी विलंब से प्राप्त हुई जिससे छात्र–छात्राओं को कठिनाई हुई क्योंकि अनेक छात्र–छात्राओं के लिए नौकरी के अवसर के समय वे समय पर अपनी अंकसूची प्रस्तुत नहीं कर पाये तथा किसी उच्चतर परीक्षाओं के लिए अध्ययन हेतु किसी अन्य विश्वविद्यालय में प्रवेश से वंचित भी हो गये। अतएव उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में आप अपना स्पष्टीकरण दो दिनों के अंदर प्रस्तुत करें।

कुलसचिव

पृ. क. 2567 / परीक्षा / 2014 रायपुर, दिनांक 22 / 10 /2014

प्रतिलिपि -

1. कुलपति के सचिव / कुलसचिव के निजी सहायक, पं0र0शु0वि0वि0, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित्

वि.क.अ.(परीक्षा)

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की षष्ठ* बैठक मंगलवार, दिनांक 28 अक्टूबर, 2014 को अपरान्ह 3.00 बजे की पूरक विषयसूची

01. क्रीड़ा समिति की बैठक दिनांक 19.09.2014 के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार करना।
टीप : कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न।

02. भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 21.10.2014 के अनुमोदन पर विचार करना।
टीप : कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न।

03. NCNR द्वारा FT-NMR-Spectrophotometer उपकरण न्यूनतम दर रू. 25873750=00 पर, क्रय करने हेतु केन्द्रीय क्रय समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुमोदन पर विचार करना।
टीप : कार्यालयीन टीप की छायाप्रति संलग्न।

04. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण पर विचार करना।

कुलसचिव

* स्वर्ण जयंती वर्ष मई 2014 से।

पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर
संचालक, शारीरिक शिक्षा विभाग

पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की क्रीडा समिति की बैठक दिनांक 19.09.2014 को अपरान्ह 3.00 बजे कुलपति कक्ष में सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुये –

1	प्रो0 एस. के. पाण्डेय	कुलपति एवं अध्यक्ष, क्रीडा समिति
2	श्री के. के. चन्द्राकर	कुलसचिव
3	प्रो0 रीता वेणुगोपाल	सदस्य
4	डॉ0 शशीकांता भारद्वाज	सदस्य
5	डॉ0 देवाशीष मुखर्जी	सदस्य
6	डॉ0 आर0 के0 देवांगन	सदस्य
7	श्री संजय शर्मा	सदस्य
8	डॉ0 प्रमोद मेने	सदस्य
9	श्री नरेशधर दीवान	सदस्य
10	डॉ0 सुमीत तिवारी	सदस्य
11	श्री बी. सी. बिस्वास	वित्त नियंत्रक
12	डॉ0 विपिनचंद्र शर्मा	संचालक एवं सचिव, क्रीडा समिति

समिति के सभी सदस्यो ने आम राय से निम्नलिखित निर्णय लिये : –

विषय क्र. 1– विश्वविद्यालय क्रीडा समिति की बैठक दिनांक 29.03.2014 की कार्यवृत्त की संपुष्टि प्रदान करना ।

निर्णय – विश्वविद्यालय क्रीडा समिति की बैठक दिनांक 29.03.2014 की कार्यवृत्त की संपुष्टि की गई ।

विषय क्र. 2– क्रीडा समिति की बैठक दिनांक 29.03.2014 के कार्यवृत्त पर पालन प्रतिवेदन सूचनार्थ प्रस्तुत ।

निर्णय – क्रीडा समिति की बैठक दिनांक 29.03.2014 के कार्यवृत्त का पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की गई ।

विषय क्र. 3— शारीरिक शिक्षा विभाग, पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविश्वविद्यालय,रायपुर के तत्वाधान मे आयोजित की जाने वाली अंतर महाविद्यालयीन खेल कैलेण्डर 2014—15 का अनुमोदन प्रदान करना ।

निर्णय शारीरिक शिक्षा विभाग, पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविश्वविद्यालय,रायपुर के तत्वाधान मे आयोजित की जाने वाली अंतर महाविद्यालयीन खेल कैलेण्डर 2014—15 का अनुमोदन किया गया ।

विषय क्र. 4— पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविश्वविद्यालय के खेल मैदान विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य संस्थाओ को आबंटन के संबंध में निर्धारित नियम एवं किराया के प्रस्ताव पर विचार करना । **(टीप संलग्न)**

निर्णय — पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविश्वविद्यालय के खेल मैदान विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य संस्थाओ को आबंटन के संबंध में निर्धारित नियम एवं किराया के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

विषय क्र. 5— शारीरिक शिक्षा विभाग, में खेल छात्रावास के निर्माण के संबंध में तैयार किये गये प्रस्ताव के अनुमोदन पर विचार करना । **(प्रस्ताव संलग्न)**

निर्णय — शारीरिक शिक्षा विभाग में 50 बैड का खेल छात्रावास के निर्माण के संबंध तैयार किये गये प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

विषय क्र. 6— शारीरिक शिक्षा विभाग, कोटा स्टेडियम मैदान के आंतरिक भाग को समतली—करण कर सुव्यस्थित किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचार करना। **(टीप संलग्न)**

निर्णय — शारीरिक शिक्षा विभाग, कोटा स्टेडियम मैदान के आंतरिक भाग को समतली—करण कर फुटबॉल मैदान निर्माण हेतु संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

विषय क्र. 7— छ0ग0 शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सबसिडी राशि सेक्टर स्तरीय खेल एवं अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता की राशि दुगनी करने पर 8,16,000/— (आठ लाख सोलह हजार) व्यय की स्वीकृति प्रदान करना ।

निर्णय — छ0ग0 शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सबसिडी राशि सेक्टर स्तरीय खेल एवं अंतर महाविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता की राशि दुगनी करने पर 8,16,000/— (आठ लाख सोलह हजार) व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी ।

विषय क्र. 8 — पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में सत्र 2014–15 मे आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय लॉन टेनिस (महिला) प्रतियोगिता हेतु कुल अनुमानित व्यय Rs. 5,40,000/- (पांच लाख चालीस हजार मात्र) की स्वीकृति प्रदान करने संबंधी । **(बजट संलग्न)**

निर्णय — पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में सत्र 2014–15 मे आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय लॉन टेनिस (महिला) प्रतियोगिता हेतु कुल अनुमानित व्यय Rs. 5,40,000/- (पांच लाख चालीस हजार मात्र) का अनुमोदन किया गया ।

विषय क्र. 9 — पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में सत्र 2014–15 में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय लॉन टेनिस (महिला) प्रतियोगिता वी.आई.पी. क्लब रायपुर में आयोजन करने के संबंध में विचार करना ।

निर्णय — पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में सत्र 2014–15 में होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय लॉन टेनिस (महिला) प्रतियोगिता वी.आई.पी. क्लब रायपुर में करने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया ।

विषय क्र. 10 — सत्र 2014–15 से अतंर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रशिक्षको एवं प्रबंधको को प्रमाण पत्र प्रदान करने के संबंध में ।

निर्णय — सत्र 2014–15 से अतंर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रशिक्षको एवं प्रबंधको को प्रमाण पत्र प्रदान करने की अनुशंसा की गई।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय

1 बास्केटबॉल ग्राउंड मे 02 सेट पोल क्रय कर लगाने की अनुशंसा की गई ।

प्रो. एस. के. पाण्डेय
कुलपति एवं अध्यक्ष क्रीडा समिति
पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

डॉ. विपिनचंद्र शर्मा
संचालक एवं सचिव क्रीडा समिति
पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर छ.ग.

Phone No. 0771-2262587 Website prsu.ac.in, Email- adm.prsu@yahoo.in

क्रमांक 329/वि. वि. यंत्री/2014 रायपुर, दिनांक ~~22~~ 27/10/2014

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के भवन निर्माण समिति की बैठक मंगलवार, दिनांक 21.10.2014 को अपरान्ह 3:00 बजे कुलपति कक्ष में आयोजित हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:–

1. डॉ. एस0 के0 पाण्डेय, कुलपति – अध्यक्ष
2. श्री राजेश त्रिपाठी (विभागाध्यक्ष सिविल इंजी0 एनआईटी) – सदस्य
3. श्री के0 पी0 तिवारी (वि0 वि0 यंत्री) – सदस्य
4. श्री बी0 सी0 बिश्वास (वित्त नियंत्रक) – सदस्य
5. डॉ. ए0 के0 गुप्ता, ओ0 एस0 डी0 (ग्रान्ट सेल) – विशेष आमंत्रित
6. श्री सुरेश भूपल, कार्यपालन अभियंता (ई0 & एम0 लो0नि0वि0) – विशेष आमंत्रित
7. श्री प्रभात सक्सेना, एस0 डी0 ओ0 (लो0नि0वि0) – सदस्य
8. श्री उमापति रस्तोगी, उपयंत्री – प्रभारी यांत्रिकी
9. श्री के0 के0 चन्द्राकर, कुलसचिव – सचिव

उपरोक्त सदस्यों के अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग की ओर से श्री जयप्रकाश चौरसिया, उपयंत्री, श्री अरविंद डे, उपयंत्री एवं श्री विशाल शर्मा, उपयंत्री भी उपस्थित हुए।

विषय क्रमांकः–1 भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 16/09/2014 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णयः– भवन निर्माण समिति की बैठक दिनांक 16/09/2014 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान की गई।

विषय क्रमांकः–2 दिनांक 16/09/2014 को सम्पन्न हुई भवन निर्माण समिति के निर्णय पर की गयी कार्यवाही की सूचना ग्रहण करना।

निर्णयः– दिनांक 16/09/2014 को सम्पन्न हुई भवन निर्माण समिति के निर्णय पर की गयी कार्यवाही की सूचना ग्रहण की गई।

विषय क्रमांकः–3 लोक निर्माण विभाग को डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत प्रदान की गयी राशि से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा।

निर्णयः– लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एवं उप अभियंता द्वारा डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत उन्हें

प्रदान की गई राशि के अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों एवं अन्य कार्यों के प्रगति के संबंध में जानकारी प्रदान की गई है।

विषय क्रमांकः–4 विश्वविद्यालय के प्रस्तावित बी. एड. भवन निर्माण हेतु आर्किटेक्ट श्रीवास्तव बागरेचा एण्ड एसोसिएट द्वारा प्रस्तुत ड्राईग, डिजाईन एवं प्राक्कलन के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव पर भवन निर्माण समिति की बैठक 16/09/2014 में लोकनिर्माण विभाग से परीक्षण कराने निर्णय लिया गया। लोक निर्माण विभाग के द्वारा परीक्षण करने के उपरांत ड्राईग, डिजाईन एवं प्राक्कलन राशि रूपए 511.00 लाख के अनुमोदन पर विचार करना एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने हेतु प्रस्तावित।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के प्रस्तावित बी. एड. भवन निर्माण हेतु आर्किटेक्ट श्रीवास्तव बागरेचा एण्ड एसोसिएट द्वारा प्रस्तुत ड्राईग, डिजाईन एवं प्राक्कलन के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव पर भवन निर्माण समिति की बैठक 16/09/2014 में लोकनिर्माण विभाग से परीक्षण कराने निर्णय लिया गया। लोक निर्माण विभाग के द्वारा परीक्षण करने के उपरांत ड्राईग, डिजाईन एवं प्राक्कलन राशि रूपए 511.00 लाख प्रस्तुत किया गया। इस प्राक्कलन राशि में साईट डेवलपमेंट कार्य की राशि रूपए 4,20,70,68.00 शामिल है अतः प्रस्ताव पर सिद्धांतः सहमति प्रदान करते हुए प्रथमतः साइट डेवलपमेंट वर्क को छोड़कर शेष कार्य पर अनुमानित प्राक्कलन राशि रूपए 4,69,42,931.00 का अनुमोदन किया गया एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने के साथ ही प्राक्कलन राशि की 33 प्रतिशत राशि भुगतान करने की अनुशंसा की जाती है।

विषय क्रमांकः–5 विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर बेसिक साईंस भवन के निर्माण हेतु आर्किटेक्ट श्रीवास्तव बागरेचा एण्ड एसोसिएट द्वारा प्रस्तुत ड्राईंग, डिजाईन एवं प्राक्कलन के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव पर भवन निर्माण समिति की बैठक 16/09/2014 में लोकनिर्माण विभाग से परीक्षण कराने निर्णय लिया गया। लोक निर्माण विभाग के द्वारा परीक्षण करने के उपरांत ड्राईग, डिजाईन एवं प्राक्कलन राशि रूपए 397.30 लाख के अनुमोदन पर विचार करना एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने हेतु प्रस्तावित।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर बेसिक साईंस भवन के निर्माण हेतु आर्किटेक्ट श्रीवास्तव बागरेचा एण्ड एसोसिएट द्वारा प्रस्तुत ड्राईंग, डिजाईन एवं प्राक्कलन के साथ प्रस्तुत प्रस्ताव पर भवन निर्माण समिति की बैठक 16/09/2014 में लोकनिर्माण विभाग से परीक्षण कराने निर्णय लिया गया। लोक निर्माण विभाग के द्वारा परीक्षण करने के उपरांत ड्राईग, डिजाईन एवं प्राक्कलन राशि रूपए 397.30 लाख प्रस्तुत किया गया। जिस पर डॉ. राजेश त्रिपाठी, सदस्य एवं तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा दिये गये सुझाव के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा पुनः संशोधन के उपरांत

प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 3,83,25,485.50 का अनुमोदन किया गया एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने के साथ ही प्राक्कलन राशि की 33 प्रतिशत राशि भुगतान करने की अनुशंसा की जाती है।

विषय क्रमांकः–6 विश्वविद्यालय के अधूरे ट्रॉयबल स्टडी सेंटर भवन के शेष कार्य पूर्ण कराने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 129.10 लाख के अनुमोदन पर विचार करना एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के अधूरे ट्रॉयबल स्टडी सेंटर भवन के शेष कार्य पूर्ण कराने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 129.10 लाख प्रस्तुत किया गया। जिस पर डॉ. राजेश त्रिपाठी, सदस्य एवं तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा दिये गये सुझाव के अनुसार लोक निर्माण विभाग द्वारा पुनः संशोधन के उपरांत प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 119.86 लाख का अनुमोदन किया गया एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने के साथ ही प्राक्कलन राशि की 33 प्रतिशत राशि भुगतान करने की अनुशंसा की जाती है।

विषय क्रमांकः–7 विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस से संलग्न अधूरे भवन को पूर्ण कराने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 34.10 लाख के अनुमोदन पर विचार करना एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस से संलग्न अधूरे भवन को पूर्ण कराने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 34.10 लाख का अनुमोदन किया गया एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने के साथ ही प्राक्कलन राशि की 33 प्रतिशत राशि भुगतान करने की अनुशंसा की जाती है।

विषय क्रमांकः–8 विश्वविद्यालय के मुद्रणालय (प्रेस) भवन के विस्तार कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 161.83 लाख के अनुमोदन पर विचार करना एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के मुद्रणालय (प्रेस) भवन के विस्तार कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 161.83 लाख का अनुमोदन किया गया एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने के साथ ही प्राक्कलन राशि की 33 प्रतिशत राशि भुगतान करने की अनुशंसा की जाती है।

विषय क्रमांकः–9 विश्वविद्यालय के सेंट्रल वेल्युएशन हॉल भवन के द्वितीय तल के अधूरे निर्माण कार्य एवं भवन के

शेष कार्य को पूर्ण कराने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 199.13 लाख के अनुमोदन पर विचार करना एवं कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

निर्णयः– विश्वविद्यालय के सेंट्रल वेल्युएशन हॉल भवन के द्वितीय तल के अधूरे निर्माण कार्य एवं भवन के शेष कार्य को पूर्ण कराने हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत प्राक्कलन राशि रूपए 199.13 लाख का अनुमोदन किया गया एवं यह कार्य डिपॉजिट वर्क के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग से कराने के साथ ही प्राक्कलन राशि की 33 प्रतिशत राशि भुगतान करने की अनुशंसा की जाती है।

विशेष निर्णय :– सम्मानीय सदस्यों द्वारा यह निर्णय लिया गया कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए ~~में~~ विश्वविद्यालय में निर्माण होने वाले भवनों के ड्रॉईंग, डिजाईन एवं स्ट्रक्चरल डिजाईन अरबन डेवलपमेंट प्लानिंग के अनुरूप बनाया जावें।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न की गई।

कुलपति

कुलसचिव

पृ. कमांक 330/वि. वि. यंत्री/2014

रायपुर, दिनांक ~~22~~ 27/10/2014

प्रतिलिपिः–

1. भवन निर्माण समिति के समस्त सदस्यों की ओर इस आशय के साथ अग्रेषित की कार्यवृत्त में कोई सुधार किया जाना है, तो कृपया सूचित करें।
2. कुलपति/कुलसचिव के निजी सहायक को सूचनार्थ।
3. विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (अनुदान प्रकोष्ठ) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
4. वित्त नियंत्रक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रभारी अधिकारी
यांत्रिकी विभाग

कार्यालयीन टीप

(कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 28.10.2014)

1. **NCNR द्वारा NMR उपकरण न्यूनतम दर रू. 25873750=00 पर, क्रय करने हेतु केन्द्रीय क्रय समिति द्वारा की गई अनुशंसा के अनुमोदन पर विचार करना।**

टीप : NCNR द्वारा NMR उपकरण क्रय करने लिए पूर्व में कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 23.06.2014 के निर्णय क्रमांक 7 पर लिए गये निर्णयानुसार रु. 2,40,73750/– की स्वीकृति प्राप्त की गई थी।

निविदा दो समाचार पत्रों (एक राष्ट्रीय एवं एक स्थानीय) में प्रसारित किया गया। निविदा प्रसारित करने के उपरांत एक फर्म मेसर्स BRUKER BIOSPIN AG Industriestarsse 26, CH-8117 Faellanden (Switzerland) जो कि उक्त उपकरण का निर्माता कंपनी है ने आवेदन जमा किया है। संबंधित फर्म एवं NCNR के संचालक, डॉ. ए. के. पति से हुई चर्चानुसार उपकरण के अतिरिक्त, उपकरण से संबंधित Accessories की भी आवश्यकता होगी। अतः इसे उपकरण के साथ क्रय किया जा रहा है तथा अब उपकरण एवं Accessories की कुल लागत रु. 2,58,73,750/– होगी।

विभागीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 20.10.2014 एवं केन्द्रीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 27.10.2014 में अनुशंसा की गई है। अतः प्रकरण कार्यपरिषद् के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।